हेपेटाइटिस का उन्मूलन एक जन आंदोलन होना चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष

...

हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में जन जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है : लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है : लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता सत्र को संबोधित किया

...

नई दिल्ली; 28 जुलाई, 2022: लोकसभा सचिवालय ने आज संसद भवन परिसर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री एम. वेंकैया नायडू; लोकसभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री, श्री मनसुख एल. मंडाविया; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश और दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना इस अवसर पर उपस्थित थे।

जागरूकता सत्र में संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर, 2030 तक हेपेटाइटिस को खत्म करने की भारत की प्रतिबद्धता पर बोलते हुए, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि हेपेटाइटिस का उन्मूलन एक जन आंदोलन होना चाहिए। यह विचार व्यक्त करते हुए कि हेपेटाइटिस के खिलाफ लड़ने के लिए जागरूकता महत्वपूर्ण है, श्री बिरला ने हितधारकों से इस घातक बीमारी से लड़ने के लिए एक मिशन के तहत सक्रिय रूप से काम करने का आह्वान किया।

पंचायत से लेकर संसद तक लोकतांत्रिक संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि उनको हर स्तर पर लोगों तक पहुंचना चाहिए और उन्हें इस बीमारी के बारे में शिक्षित करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को शिक्षित करने से हेपेटाइटिस के बारे में उनकी अज्ञानता समाप्त हो जाएगी । श्री बिरला ने जनप्रतिनिधियों से हेपेटाइटिस और इससे बचाव के उपायों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने की अपील

की। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का जागरूकता अभियान स्थानीय भाषा में किया जाना चाहिए ताकि लोग संदेश को आसानी से समझ सकें।

इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई के बारे में संवेदीकरण और विश्वसनीय रणनीति में लीवर और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) की भूमिका की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि इस दिशा में उनके उत्कृष्ट कार्यों का अनुकरण करने की जरूरत है।

इस अवसर पर हेपेटाइटिस से निपटने के कारणों, लक्षणों और निवारक उपायों पर एक पुस्तिका का विमोचन किया गया।

उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू ने संसद के सदस्यों और अन्य उपस्थित लोगों को हेपेटाइटिस के उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई।

इससे पूर्व श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में सांसदों के लिए लीवर स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया।

संगोष्ठी का आयोजन संसदीय लोकतंत्र शोध और प्रशिक्षण संस्थान और लीवर और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) नई दिल्ली द्वारा किया गया था।